भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1937
उत्तर देने की तारीख 08 अगस्त, 2024

आंध्र प्रदेश में मोबाइल दूरसंचार टावर

1937. श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी:
क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश के कितने ग्रामों में मोबाइल दूरसंचार टावर स्थापित नहीं हैं, तत्संबंधी जिला-वार और ग्राम-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) प्रधानमंत्री द्वारा मार्च, 2024 तक सभी ग्रामों में मोबाइल दूरसंचार टावर स्थापित करने हेतु दिए गए निर्देश को मंत्रालय किस रूप में देखता है;
(ग) गतिशक्ति संचार मोबाइल टावर लगाने में भूमि की अनुपलब्धता, दूरस्थ स्थानों आदि जैसी समस्याओं के समाधान में किस हद तक सहायता कर रहा है; और
(घ) क्या मंत्रालय प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने की दिशा में अग्रसर है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) आंध्र प्रदेश के गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी का जिले-वार विवरण दूरसंचार विभाग की वेबसाइट (www.dot.gov.in) पर उपलब्ध है।

(ख) और (घ) सरकार सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) से वित्तपोषण के माध्यम से आंध्र प्रदेश राज्य सहित देश के सभी सेवा से वंचित गांवों में मोबाइल नेटवर्क कवरेज उपलब्ध कराने के लिए 4जी सेचुरेशन स्कीम सहित विभिन्न स्कीमों को कार्यान्वित कर रही है।

(ग) दूरसंचार अवसंरचना जैसे कि ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बिछाना और मोबाइल टावर की शीघ्र स्थापना के लिए राइट ऑफ वे (आर ओ डब्ल्यू) अनुमोदन को सुव्यवस्थित और तीव्र करने के लिए दिनांक 14.05.2022 को गतिशक्ति संचार पोर्टल शुरू किया गया था। यह पोर्टल ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के लिए प्रवर्तक के रूप में कार्य करता है और शीघ्र अवसंरचना निर्माण और दूरसंचार नेटवर्क के समय पर रोल आउट करने की सुविधा प्रदान करता है।

*****